Telefax :-0294-2471302(O), Email:-registrar.mpuat.udaipur@gmail.com / registrar@mpuat.ac.in, Website: mpuat.ac.in

# MAHARANA PRATAP UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY, UDAIPUR

# महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर

क्रमांक–प. 18/मप्रकृप्रौविवि/सामान्य/2020/2529-30 दिनांक : 01 जून, 2020

समस्त अधिष्ठाता /निदेशक
COF
परीक्षा नियंत्रक/छात्र कल्याण अधिष्ठाता,
मप्रकृप्रौविवि, उदयपुर ।

संदर्भ :–सचिव, राज्यपाल, राजस्थान राजभवन, जयपुर के पत्र कमांक F. 1 (A) () RB/2020/21/2186-87 दिनांक 13.05.2020 के संदर्भ में ।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र संलग्न कर निवेदन है कि माननीय राज्यपाल महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 30.04.2020 को राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक राजभवन से Microsoft teams app के द्वारा आयोजित का बैठक कार्यवाही विवरण के द्वारा कुलपति महोदयों को दिशानिर्देश जारी कर आठ मुख्य बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित किये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। साथ ही सचिव महोदय ने टास्क फोर्स के द्वारा दी गयी अनुसंशाओं की अनुपालना एवं कियान्विति की जानी है।

माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में अनुपालना एवं कियान्विति कर संबंधित अधिकारी इस कार्यालय को अवगत करावें।

2/6
कुलसचिव

प्रतिलिपी:

1. श्रीमान निजी सचिव माननीय कुलपति महोदय, मप्रकृप्रौविवि, उदयपुर।

Prabhu Covid file

Pl circulate 4/6/2020

4/06/2020

कुलसचिव

# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन जयपुर

क्रमांक: F.1(A)( )RB/2020/ 2186 दिनांक: 13 मई, 2020

## कार्यवाही विवरण

माननीय कुलाधिपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 30.04.2020 को राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक राजभवन से Microsoft teams app द्वारा आयोजित की गयी।

बैठक में राज्य के सभी राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने अपने विश्वविद्यालयों से ऐप के माध्यम से बैठक में भाग लिया ।

सचिव महोदय ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं बैठक की संरचना से सभी कुलपति महोदयों को अवगत कराया। बैठक के आरम्भ में माननीय कुलाधिपति महोदय ने कुलपति महोदयों को संबोधित किया एवं सभी को लॉकडाउन के समय का उपयोग करते हुए शिक्षण एवं छात्रों से जुड़े प्रश्नों का समुचित समाधान खोजने का आह्वान किया।

माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा कुलपति महोदयों को मुख्यतः निम्नांकित बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित किये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया:-

1. छात्रों से निरंतर संवाद रखा जाए।
2. नवीनतम तकनीकी से छात्रों तक पहुँचकर छात्रों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा किया जावें।
3. छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों में व्यस्त रखा जावें।
4. विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक कांउसिल द्वारा आगामी सत्र को देखते हुए पाठ्यक्रम में आवश्यक बदलाव करने की दिशा में काम करें।
5. विश्वविद्यालय अपनी बेवसाइट में आवश्यकतानुसार बदलाव लाये।
6. विश्वविद्यालय अपने सीमित संसाधनों को Mobilize एवं Re-appropriate करके आई.टी. के आधुनिक संसाधन विश्वविद्यालयों में जुटाये।
7. वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर एवं अपने पाठ्यक्रम की स्थिति एवं छात्र संख्या को देखते हुए Online/ Offline शिक्षण एवं परीक्षण का Mode तय करे एवं उसे संवैधानिक तरीके से लागू किये जाने की दिशा में समुचित कदम उठाये।

Registrar

Dr. Narendra Singh Rathore
Vice-Chancellor
M.P.U.A.T., UDAIPUR

1301
21/05/2020

General (Put up)
30/05/2020

8. टास्क फोर्स द्वारा दी गयी अनुशंसाओं को कुलपतिगण उनके द्वारा लिये जाने वाले निर्णयों में Reference Point एवं Guideline के रूप में ले।

उद्बोधन के पश्चात् सचिव महोदय ने टास्क फोर्स के द्वारा दी गयी अनुसंशाओं को विस्तार पूर्वक सभी सहभागियों के समक्ष Presentation के रूप में प्रस्तुत किया। राज्यपाल महोदय द्वारा गठित टास्क फोर्स की निम्नलिखित प्रमुख अनुशसाएं सचिव महोदय द्वारा प्रस्तुत की गयी :–

- छात्रो को ई–कन्टेन्ट एवं विडियो लेक्चर व्हाट्सएप के माध्यम से प्रेषित किये जाये, एवं Whatsapp के अतिरिक्त अन्य उपलब्ध साधनों का भी उपयोग किया जाये।
- विश्वविद्यालयों द्वारा विषयवार अच्छे शिक्षकों को चिन्हित कर उनके लेक्चर वेबसाइट पर अपलोड किये जायें ताकि दूसरे विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भी उसका लाभ ले सकें।
- सभी विश्वविद्यालय केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा लगाई गई लॉकडाउन की अवधि तक बंद रहेगे। विश्वविद्यालय लॉकडाउन की अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार के अवकाश अपने शैक्षणिक कलेण्डर में प्रस्तावित नही करते हुए राज्यपाल सचिवालय से इसका अनुमोदन प्राप्त करेगें।
- टास्क फोर्स द्वारा यह भी अनुशंसा की गई कि अगले सत्र में विश्वविद्यालयों एवं उनके सघंटक महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव नहीं करवाये जावें।
- सभी विश्वविद्यालयों द्वारा माह मई के प्रथम सप्ताह में वित्त समिति की बैठक बुलाकर राज्य वित्त विभाग, यूजीसी, आइसीएआर, डीएसटी आदि से पिछले वित्तीय वर्ष के बचे हुए प्रावधानों को सितम्बर, 2020 तक व्यय करने की अनुमति प्राप्त करने के प्रयास करेगें तथा आवश्यकता के अनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त बजट को Re-appropriate करने की कार्यवाही करेगें। राज्यपाल सचिवालय की वित्तीय सलाहकार इन विश्वविद्यालयों के वित्तीय नियंत्रक/कोम्पट्रोलर से इस संबंध में समन्वय करेगीं।
- विश्वविद्यालय अपनी वेबसाइट को इन्टरएक्टिव बनाये ताकि विद्यार्थियों की परीक्षा, परिणाम, प्रवेश आदि संबंधित जिज्ञासाओं का तुरंत उत्तर दिया जा सके।
- वर्तमान विश्वविद्यालय पोर्टल–वेबसाइट को हिन्दी में भी दर्शाया जाये ताकि हिन्दी भाषी विद्यार्थियों को कठिनाई नहीं हो।
- बल्क एस. एम. एस., व्हाट्सएप व ई–मेल के माध्यम से छात्रों को सूचित किया जाना चाहिये।

- तकनीकी विश्वविद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा इस विषम परिस्थिति में Microsoft Teams जैसे एप का उपयोग किया जाये।

- टास्क फोर्स की अनुशंषा के अनुरूप प्रो. ए. के. गहलोत द्वारा आई.टी.आई. लि. से उनके लर्निंग मेनेजमेंट सिस्टम मॉड्यूल का सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं उनके इच्छुक फेकल्टी को Microsoft Teams एप के माध्यम से आमुखीकरण किया गया है। सभी के द्वारा इसकी वर्तमान परिदृश्य में उपयोगिता जानी एवं सराही गई है।

- ऑन स्कीन इवेल्यूशन सिस्टम द्वारा मूल्यांकन की प्रकिया अगले सत्र की परीक्षाओं हेतु अपनाई जा सकती है। सामान्य विश्वविद्यालयों द्वारा प्रारंभ में पीजी क्लासेज हेतु इसे अपनाया जाए, जबकि तकनीकी विश्वविद्यालयों द्वारा इसे सभी कक्षाओं के लिए अपनाया जाना प्रस्तावित है।

- टास्क फॉर्स द्वारा सुझाव दिया गया कि कुलपति महोदयों को पाठयकम, परीक्षा पेटर्न आदि के संबंध में यदि कोई विधिक अनुमति लेनी है तो संबंधित नियामक संस्था या विश्वविद्यालय बॉडी से एप्रूवल पूर्व में ही प्राप्त कर लें ताकि कोई विधिक एवं सम्बद्वता सबंधी विधिक समस्या बाद में नहीं खड़ी हो।

- टास्क फॉर्स द्वारा सुझाव दिया गया कि कुलपतिगण अगले सत्र से समान रूप में यूजीसी का पाठयकम अपनाएं ताकि विद्यार्थियों के द्वारा विश्वविद्यालय बदलने में कठिनाई नहीं हो। ऐसा करने से "**चॉइस बेस्ड केडिट सिस्टम**" भी आसानी से लागू हो सकेगा।

- वर्तमान परिस्थितियों में स्टेट युनिवर्सिटी मेनेजमेंट सिस्टम (SUMS) को लागू करने से विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली में लॉकडाउन एवं पोस्ट लॉकडाउन पीरियड में अत्याधिक सुधार होगा जिसका सीधा लाभ राज्य के युनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को होगा। यह सिस्टम टास्क फॉर्स के अधिकतर एजेंडा/अनुशंसाओ की पूर्ति भी करेगा।

- टास्क फोर्स द्वारा दी गयी अनुशंसाये राष्ट्रीय एवं राजकीय हित मे लॉकडाउन मे दी जा रही एडवाजरी के परिपेक्ष्य एवं अनुसरण में ही रखी जाए।

सचिव महोदय द्वारा विश्वविद्यालयों में पाठ्यकम अद्यतन करने के संबंध में प्रेषित की गई रिपोर्ट को माननीय कुलाधिपति महोदय को अवगत कराया जिसके अन्तर्गत राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के अतिरिक्त सभी स्वयं वित्तपोषित विश्वविद्यालयों द्वारा नोडल ऑफिसर्स की नियुक्ति कर दी गई है।

तदोपरान्त सचिव महोदय ने कुलाधिपति महोदय की अनुमति से विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों से टास्क फोर्स की अनुशंसाये एवं प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गाँव में कोविड–19 के दौरान किये गये सहायता कार्यो के संदर्भ में चर्चा की।

मुख्य चर्चा में दस विश्वविद्यालयों के कुलपतियों द्वारा अपने विचार रखे गये, कुछ मुख्य चर्चा के बिन्दु इस प्रकार से रहेः–

1. विश्वविद्यालय द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में रूपये 41.00 लाख दिये गये एवं शिक्षण, प्रशिक्षण व ऑनलाइन परीक्षाओं का कोर्स सुचारू रूप से चल रहा है।
   **(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर)**
2. ऑनलाइन शिक्षण पर विश्वविद्यालय का ध्यान केन्द्रित है, विश्वविद्यालय द्वारा LMS को स्थापित करने हेतु कार्य किया जाएगा। ऑनलाइन मूल्यांकन पर कार्य किया जा रहा है, संभवतः Implement कर पायेगें।
   **(राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा)**
3. LMS का Implementation, UG के स्तर पर संभव है। ऑनलाइन मूल्यांकन किया जा रहा है।
   - Toll free help line द्वारा पशुपालकों का संपर्क Faculty से निरंतर कराया जा रहा है।
   - कृषक एवं पशु अस्पतालों के लिए एडवाजरी जारी की जा चुकी है।
   - कोविड–19 के Test Laboratory में किये जा रहे है।
   - गाँव गोद लिये जाकर कोरोना से पीड़ित लोगों की सहायता की जा रही है।

   **(राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय , बीकानेर)**।
4. माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा दिये जा रहे मास्क एवं पी.पी.ई. किट के लिए आभार प्रकट किया गया।
   - विश्वविद्यालय द्वारा वृहद स्तर पर कारोना पीड़ित रोगियों के Quarentine एवं उपचार प्रदान किया जा रहा है।

   **(राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय, जयपुर)**
5. विश्वविद्यालयों द्वारा वर्तमान परिस्थिति में Online एवं Offline पाठ्यक्रम लागू करने के लिए अपनी Executive Bodies द्वारा स्थापित प्रक्रिया द्वारा Ordinance में बदलाव किया जाना चाहिए, जिससे कोई विधिक अड़चन कुलपतियों के समक्ष उत्पन्न न हो। **(डॉ भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, जयपुर)**
6. 40% महाविद्यालयों में तुरन्त प्रभाव से Online Teaching कराई जा रही है।
   - टास्क फोर्स की अनुसंशाओं की शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जायेगी।

   **(राजस्थान आई0एल0डी0 कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर)**
7. विश्वविद्यालय द्वारा टास्क फोर्स की अनुसंशाओं को सराहा एवं उपयुक्त बताया गया। किसी भी alternative mode के लिए विश्वविद्यालय को तैयार बताया गया।
   **(हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय , जयपुर )**

8. गोद लिये गये गाँव में मास्क एवं Sanitizer वितरित किये गये। टास्क फोर्स की अनुसंशाओं को UGC के अनुरूप बताया गया।

**(महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, अजमेर)**

9. विश्वविद्यालय द्वारा 1 लाख 10 हजार कृषक वाट्सएप द्वारा संपर्क में है।
   - गोद लिये गए गाँव में कोरोना पीड़ितों के लिए बहुत अधिक कार्य किया गया।

**(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर )**

10. प्रत्येक विश्वविद्यालय को अपने स्वयं के शैक्षणिक वातावरण के अनुरूप वर्तमान स्थिति में बदलाव लाना चाहिए।

**(गोविन्द गुरू जनजातिय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा)**

Open Session के दौरान कुलपति महोदय के द्वारा सुझाव दिया गया कि Social Distancing को ध्यान में रखते हुए District एवं School Administration की सहायता से परीक्षा करायी जावें।

District Administration को उन प्राध्यापकों को कार्य मुक्त करने के लिए आग्रह किया जाना चाहिए, जिसकी ड्यूटी Quarantine के कार्य में लगी हुई है, जिससे परीक्षा का कार्य सुचारू रूप से कराया जा सके।

**(मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर)**

विशेष आमंत्रित टास्क फोर्स सदस्य एवं पूर्व कुलपति प्रो. अजय गहलोत द्वारा धन्यवाद देते हुए राजभवन सचिवालय को संभवतः देश का पहला ऐसा राज्यपाल सचिवालय बताया, जिसने टास्क फोर्स का गठन कर शैक्षणिक स्थिति का गहन अध्ययन किया एवं UGC के समांतर अनुसंशाएं प्रेषित की साथ ही प्रो. गहलोत ने Integrated Portal एवं समान पाठ्यक्रम की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे राजस्थान के विद्यार्थी National एवं Global स्तर पर Compete कर सकें।

माननीय राज्यपाल महोदय के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द जायसवाल द्वारा सभी कुलपति महोदय को समयबद्ध योजना के साथ कार्य करने पर बधाई प्रेषित की गयी एवं आशा व्यक्त की गयी है कि टास्क फोर्स द्वारा प्रेषित अनुसंशाएं सभी कुलपति महोदयों के लिए नीति निर्धारण का कार्य करेगी एवं विश्वविद्यालय अपनी स्वतंत्रता एवं स्वायत्तता सुरक्षित रखते हुए अपने— अपने पाठ्यक्रम एवं छात्र संख्या के अनुरुप, शिक्षण, परीक्षण एवं आगामी प्रवेश प्रक्रिया के लिए समुचित निर्णय ले एवं यह सुनिश्चित करे कि उन बदलाव के लिए अगर कोई विधिक बाधा हो तो वह उसे विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित प्रक्रिया के तहत संशोधनोपरांत क्रियान्वित करे, जिसमें कोई विधि सम्बन्धी प्रकरण भविष्य में उत्पन्न न हो।

अन्त में माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा यह संतोष प्रकट किया गया है कि सभी कुलपतिगण वर्तमान शैक्षिक स्थिति को लेकर गंभीर है।

&

माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा यह अपेक्षा की गयी कि सभी कुलपति महोदय इस बात का विशेष ध्यान रखे की किसी भी छात्र को शैक्षणिक हानि न हो साथ ही मा० कुलाधिपति महोदय द्वारा सभी कुलपतियों द्वारा Smart Village में कोविड–19 के संदर्भ में यथा संभव मदद करने एवं Relief Fund में सहायतार्थ धनराशि जमा कराने पर आभार व्यक्त करते हुए अच्छे शैक्षिक वातावरण के निर्माण करने के लिए कुलपतियों को प्रेरित किया।

बैठक के अन्त में सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा सभी कुलपतियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

सचिव
राज्यपाल ,राजस्थान

क्रमांकः F.1(A)( )RB/2020/2187 दिनांक 13 .05.2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. कुलपतिगण, समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, राजस्थान।
2. प्रमुख विशेषाधिकारी, माननीय राज्यपाल, राजभवन, जयपुर।
3. प्रभारी अधिकारी, उच्च शिक्षा, राजभवन, जयपुर।
4. संबंधित अधिकारीगण (वित्तीय सलाहकार/विशेषाधिकारी –II, III)
5. निजी सचिव, सचिव, राज्यपाल, राज0, जयपुर।

प्रभारी अधिकारी,
उच्च शिक्षा,
राजभवन, जयपुर